PUBLIC SCHOOL DARBHANGA

सत्र (२०२०-२१)

हिंदी

बाल महाभारत(3,4)

भीष्म ने विदुर को किस पद पर नियुक्त किया था और क्यों?

Q1:

Ans: भीष्म ने विदुर को राजा धृतराष्ट्र का प्रधानमंत्री नियुक्त किया था क्योंकि वे विदुर के विवेक और ज्ञान से काफी प्रभावित थे।

Q2: *जब धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को जुआ खेलने की अनुमति दे दी तब विदुर ने उन्हें क्या समझाया?*

Ans: जब धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को जुआ खेलने की अनुमति दे दी तब विदुर ने उन्हें समझाया कि उन्हें यह काम ठीक नहीं जँचता है। इस खेल से उनके बेटों का आपस में बैरभाव बढ़ेगा जो राज्य के नाश का कारण बन जाएगा।

Q3: *धृतराष्ट्र की कमजोरी क्या थी?*

Ans: धृतराष्ट्र की कमजोरी उनका पुत्र-प्रेम था। वे अपने बेटे दुर्योधन से अपार स्नेह करते थे।

Q4: *क्षत्रियों का धर्म क्या होता है?*

Ans: युद्ध या खेल में बुलाए जाने पर जाना ही क्षत्रियों का धर्म होता है।